संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

सत्र 2020 - 21

कक्षा - 6 **(विषय - हिंदी)** **पुस्तक - मंथन**

पाठ - 16 वो हार गया

शब्दार्थ :- उत्तेजना- आवेश, जख्म- चोट, धोखेबाज- कपटी, अजीबोगरीब- विचित्र, विश्वासघात- धोखा, आयोजित- संयोजित, तरकीब- चाल, कनखियों से देखना- तिरछी दृष्टि से देखना, हकदार- दावेदार, भौंचक्का- हक्का-बक्का, पश्चाताप- पछतावा।

अभ्यास:-

प्रश्न1 - प्रश्नों के उत्तर दीजिए (मौखिक) :-

क) समीर निन्यानवे रन बनाकर खेल रहा था। एक रन बनाने पर उसका शतक बन जाता। इस बात को लेकर सीनियर मॉडल स्कूल के खिलाड़ी उत्तेजित थे।

ख) समीर ने नितिन को धोखेबाज इसलिए कहा क्योंकि नितिन ने समीर का कैच लपक कर पकड़ लिया और समीर शतक नहीं बना पाया।इसलिए समीर ने नितिन को धोखेबाज कहा।

ग) नितिन नेशनल पब्लिक स्कूल का छात्र था।

घ) दौड़ समीर ने जीता।

ङ) दोनों दोस्तों के परिवार वाले यह देख कर खुश हुए की दोनों में दोस्ती अब पहले ही जैसे हो गई थी और उनकी गलतफहमी दूर हो चुकी थी।

प्रश्न 2- लघूत्तरीय प्रश्न (लिखित):-लियाइसलिए

क) समीर निन्यानवे रन पर आउट हुआ था।

ख) नितिन समीर के अजीबोगरीब व्यवहार पर भौंचक्का रह गया।

ग) बेंगलुरु में खिलाड़ियों को सुबह पाँच बजे उठना पड़ता था।

घ) 'वन-टू-थ्री' बोलते ही सभी धावक दौड़ पड़े।

ङ) समीर ने नितिन के जूते झाड़ियों में फेंक दिए थे।

3. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:-

क) समीर आउट होने पर दुखी तथा क्रोधित इसलिए था क्योंकि वह अपना शतक पूरा किए बिना ही आउट हो गया था और उसका कैच पकड़ने वाला कोई और नहीं उसका जिगरी दोस्त नितिन ही था।

ख) समीर को ऐसा इसलिए लगा कि समीर उसके जख्मों पर नमक छिड़क रहा हो, क्योंकि नितिन ने ही समीर का कैच पकड़ा और आउट किया। अगर वह कैच नहीं पकड़ता तो समीर अपना शतक पूरा कर लेता। निन्यानवे रन की शानदार पारी खेलने पर नितिन

समीर को बधाई देने भी पहुँच गया।इसलिए समीर को लगा कि जैसे नितिन उसके जख्मों पर नमक छिड़क रहा हो।
ग) समीर और नितिन की दोस्ती में दरार एक कैच के वजह से आ गई। नितिन ने समीर का कैच उस समय पकड़ा जब समीर अपने शतक से मात्र एक रन दूर था।इस प्रकार समीर और नितिन की दोस्ती में दरार पड़ गया।
घ) समीर ने नितिन से बदला लेने के लिए उसके जूते झाड़ी में फेंक दिए, ताकि वह दौड़ में भाग न ले सके।
ङ) नितिन की दोस्ती और अच्छाई ने समीर को हरा दिया। नितिन की अच्छी सोच और दोस्त को जिताने की भावना ने समीर को बदल कर रख दिया और दोनों में फिर से दोस्ती हो गई।

किसने, किससे कहा:-
क. नितिन ने समीर से
ख. नितिन ने समीर से
ग. नितिन ने अपने साथी खिलाड़ियों से
घ. समीर ने नितिन से